राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 22 अगस्त 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपनी शुभकामना में कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति में भक्ति, ज्ञान, कर्म, नीति, प्रीति और करूणा के निधान माने गए हैं। उनकी जीवन–लीलाओं और संदेशों से मनुष्यता को सत्य, न्याय, प्रेम, त्याग, तपस्या, परोपकार, समरसता और शांति की ओर अभिमुख होने की प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' पर्व भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में असीम भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। राज्यपाल ने इस पर्व के अवसर पर सभी बिहारवासियों को मंगलकामनाएँ दी है।

....